राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम

कार्यालय–मुख्य प्रबन्धक, सिरोही (307001)
फोन नं. 02972–222511 / ईमेल आईडी. rsrtc.cmsrh@yahoo.com.

क्रमांकः– मु.प्र. / सिरोही / लेखा / राजस्व / 2024 / 3319

दिनांकः– 12.11.2024

निविदा–विज्ञप्ति

सिरोही आगार के अधीनस्थ निम्न बुकिंग, बस स्टेण्ड पर टिकिट बिक्री कार्य बुकिंग एजेन्ट के माध्यम से करवाया जाना है, जिसके लिये निविदा आमंत्रित की जाती हैं:–

01. सिरोही रोड बस स्टेण्ड – (I & II पारी) (02 बुकिंग एजेण्ट)
02. शिवगंज बस स्टेण्ड – (I & II पारी) (02 बुकिंग एजेण्ट)
03. सुमेरपुर बस स्टेण्ड – (I & II पारी) (02 बुकिंग एजेण्ट)
04. जावाल बस स्टेण्ड – (सामान्य पारी) (01 बुकिंग एजेण्ट)
05. सीबीएस सिरोही – जोधपुर / जयपुर मार्ग (I & II पारी) (02 बुकिंग एजेण्ट)
06. सीबीएस सिरोही – आबूरोड / अहमदाबाद मार्ग (I & II पारी) (02 बुकिंग एजेण्ट)
07. सीबीएस सिरोही – रेवदर / भीनमाल मार्ग (सामान्य पारी) (01 बुकिंग एजेण्ट)
08. सीबीएस सिरोही – उदयपुर मार्ग (सामान्य पारी) (01 बुकिंग एजेण्ट)

आवेदक की न्युनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 65 वर्ष होगी। शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास होनी चाहिए।

बुकिंग हेतू इच्छुक व्यक्ति / संस्थान निविदा प्रपत्र एवं शर्त निर्धारित राशि 236 / –रू (अक्षरे रूपये दो सौ छत्तीस मात्र) नकद जमा करवाकर निम्न हस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से **दिनांक 27.11.2024 दोपहर 13.00 बजे तक प्राप्त** किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र के साथ प्रति निविदा हेतु निर्धारित धरोहर राशि 10,000 / –रूपये (अक्षरे रूपये दस हजार) नकद अथवा डी.डी., **मुख्य प्रबन्धक, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम सिरोही** के नाम हो, के रूप मे जमा करानी होगी। निर्धारित धरोहर राशि जमा कराये बिना प्रस्ताव मान्य नही होंगे। इच्छुक व्यक्ति / संस्थान, अपने प्रस्ताव **दिनांक 27.11.2024 को, मध्यान्ह पश्चात् 14.00 बजे तक** निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष सील बन्द लिफाफे मे प्रस्तुत कर सकते है जो उसी दिवस को समय **15.00 बजे उपस्थित** निविदादाताओं के समक्ष खोले जावेंगे।

बुकिंग एजेन्सी प्रारम्भ में 01 वर्ष के लिए दी जावेगी तथा कार्य संतोषजनक होने पर छः माह के लिए आगे वृद्धिकृत की जा सकेगी। सीबीएस सिरोही में कमीशन की दर अधिकतम 3% रहेगी एवं अन्य स्थानों पर कमीशन की दर अधिकतम 4% रहेगी। एक स्थान के लिए एक से अधिक आवेदन आने पर न्युनतम दर के आधार पर एजेन्सी आवण्टित की जा सकेगी, जिसका निर्णय आगारीय समिति द्वारा किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए निगम की वेबसाईट **transport.rajasthan.gov.in/rsrtc** पर तथा आगार कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

नोट :– किसी भी प्रस्ताव या सभी प्रस्तावों को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का निगम को पूर्ण अधिकार होगा।

मुख्य प्रबन्धक
रा.रा.प.प.निगम, सिरोही आगार सिरोही

क्रमांकः–मु.प्र. / सिरोही / लेखा / राजस्व / 2024 / 3319

दिनांकः– 12-11-2024

प्रतिलिपिः–

1. श्रीमान कार्यकारी निदेशक (यातायात) रा.रा.प.प.निगम, मुख्यालय जयपुर।
2. श्रीमान उप महा प्रबन्धक (आई.टी.) रा.रा.प.प.निगम, मुख्यालय जयपुर।
3. श्रीमान एनालिस्टकम प्रोगामर रा.रा.प.परि. निगम मुख्यालय जयपुर।
4. प्रबन्धक यातायात / संचालन / वित्त / राजस्व प्रभारी रा.रा.प.परि. निगम, सिरोही।
5. नोटिस बोर्ड / आगार कार्यालय / कार्यशाला सिरोही।
6. निजी पत्रावली।

मुख्य प्रबन्धक
रा.रा.प.प.निगम, सिरोही आगार सिरोही

Scanned with OKEN Scanner